चिकित्सा शिविर में 1546 लोगों की जांच

अंबाला (राजीव त्यागी)-अम्बाला हैल्थ-केयर एवं वैल्फेयर सोसायटी द्वारा आज पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं अम्बाला शहर के विधायक विनोद शर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष में जीआरएसडी सीनियर सकैंडरी स्कूल अम्बाला शहर में एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। विधायक विनोद शर्मा का जन्मदिन 12 फरवरी को लेकिन सोसायटी द्वारा एक दिन पूर्व यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन हरियाणा बाल कल्याण परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती शक्ति रानी शर्मा ने किया। इस शिविर में 1546 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस शिविर में आंखों की जांच के दौरान 97 लोगों की आंखो के मोतिया बिंद के

ऑपरेशन की पहचान की गई और सभी लोगों के ऑपरेशन सोसायटी द्वारा निशुल्क करवाये जायेंगे। शक्तिरानी शर्मा ने इस शिविर में विभिन्न बीमारियों की जांच कर रहे 15 चिकित्सकों से मुलाकात की और मरीजों के स्वास्थ्य संबंधी कार्य का जायजा लिया। इस अवसर पर उपायुक्त शेखर विद्यार्थी, एसडीएम मुकेश आहूजा, सिविल सर्जन डा0 सतीश अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।